न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त बीकानेर
पीठासीन अधिकारी ए.एच.गौरी आर.ए.एस
अपील संख्या 23/2020 एल आर एक्ट (GCMS No 2020/00023)
अनवान कृष्ण कुमार वगैरह बनाम स्टेट, मुरारी वगैरह

तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुऐ
14.11.2022	पत्रावली प्रस्तुत हुई। प्रस्तुत अपील राजस्व अपील अधिकारी हनुमानगढ के समक्ष प्रस्तुत की गई। राजस्व अपील अधिकारी हनुमानगढ ने राजस्थान सरकार राजस्व (ग्रप–6) विभाग की जारी अधिसूचना नं. 1 (17) राजस्व–6/2019/112 दिनांक 17.10.2019 के परिपेक्ष में इस न्यायालय को हस्तान्तरित की गई। प्रस्तुत अपील में अपीलान्ट एवं उसके अभिभाषक इस न्यायालय में उपस्थित नही होने पर इस न्यायालय द्वारा अपीलान्ट के निमित नोटिस जारी किये गये। अपीलान्ट के निमित जारी नोटिस पर अपीलान्ट सं. 1 कृष्ण कुमार का स्वर्गवास होने की रिर्पोट होकर प्राप्त हुआ है। अपीलान्ट सं. 2 एव 3 की ओर से श्री श्याम सुन्दर सुरोलिया एडवोकेट द्वारा दिनांक 29.12.2021 को उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र पेश कर वकालतनामा पेश करने हेतु अवसर चाहने पर बार –बार अवसर दिये जाने के बाद भी उपस्थित नही हुवे। इस प्रकार अपील में अपीलान्ट के अभिभाषक द्वारा उपस्थित नही होने तथा अपीलान्ट सं. 1 का फौत होने पर उनके वारिसानो द्वारा भी उपस्थित नही होने पर आवाज लगवाई गई, बावजूद आवज के उपस्थित नही होने पर पत्रावली अदम हाजरी, अदम पैरवी में खारिज की जाती है। पत्रावली नम्बर से कम होकर पत्रावली बाद तरतीब,तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश खुले न्यायालय मे सुनाया गया। अति. संभागीय आयुक्त बीकानेर	